हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 20 दिसंबर 2023

11 मौहल्ला महायचान व खटीकान अनाधिकृत क्षेत्र में करें शामिल



12 विवाद के समाधान में रूचि नहीं दिखा रहे मंडी व्यापारी




यतो धर्मस्ततो जय:

# VIJAY INTERNATIONAL SCHOOL
SH-24, SATNALI ROAD, BALANA, MAHENDERGARH (HR)

Dream Believe Achieve -Together

*Learning children are great imitators. so give them something great to imitate...*

## ADMISSION OPEN 2024-25
PLAYGROUP - CLASS 10+2
SCIENCE | COMMERCE | HUMANITIES




## We'Are Hiring
Dedicated and Experienced staff for our School Campus

**ADMIN :** Principal, Co-Ordinator-(Pre Primary, Middle, Secondary & Sr. Secondary)

**SUBJECT EXPERT :** Physics, Chemistry, Maths, Biology & Reasoning

**PGT's :** Hindi, English, Physics, Chemistry, Maths, Biology, Accountancy, Business Studies, Economics, History, Geography, Political Science, Psychology, Physical Education & Computer Science

**TGT's :** Hindi, Sanskrit, English, Maths, Science, Social Studies, Computer Science & Reasoning

**PRT's :** All Subjects & Mother Teachers

**OTHER's :** DPEs, Coaches, Music, Dance, Drama, Art-n-craft, Lab Attendant, Librarian, Spoken English Teacher & Activity Teacher

**NON TEACHING :** Front Desk Executive, Accountant, Clerks, Transport Incharge Hostel Warden (Boys & Girls), Peon, Mali, Cook, Security Gaurd, Driver & Conductors

**RECEPTIONIST:** Preferably MBA (HR) (With Excellent Communication Skills & Knowledge of Computer.)

## Walk In Interview
24th December, 2023 (On Sunday)
Time : 10:00 am to 12:30 pm
Venue at School Campus

- Salary No Bar for Deserving Candidates
- Qualification as per CBSE Norms

## Special Facilities for Staff
- Health Insurance
- E-Salary
- Monthly Training
- Performance Rewards
- Seminars for Upgradation
- EPF
- ESI
- Life Insurance

Announces
## SCHOLARSHIP CUM ADMISSION TEST
4th February, 2024 (SUNDAY)
10:00 am to 12:30 pm

Benefits for Study with Us
Residential School & VIS Classes
IIT/JEE, NEET, KVPY, NDA, CLAT CS, OLYMPIAD, CA FOUNDATION & FOUNDATION, PRE-FOUNDATION
Kota & Sikar Based Facilities and Faculty
Fully AC Hostel For Boys & Girls



9053008081, 9053008082
vijayinternationalschools@gmail.com
vijayinternationalschool.com

CHAIRMAN
VIJAY YADAV (TUMNA)
9053008080

## खबर संक्षेप



### बीआर ज्ञानदीप में क्वीज प्रतियोगिता आयोजित

**महेंद्रगढ़।** बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में पर्यावरण अध्ययन विषय पर क्वीज प्रतियागिता हुई। हैड सीमा शर्मा ने बताया कि दूसरी से पांचवी के विद्यार्थियों के लिए इंटर हाउस क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी चारों सदनों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। क्विज में पांच राउंड थे इनमें एमसीक्यु, विजुअल, रैपिड फायर और बजर राउंड शामिल थे। सभी राउंड में बच्चों के ज्ञान के हर पहलू को परखा गया। अंत में परिणामों की घोषणा की गई जिसमें सुमित, कपिल, दिव्यांशु, पुनीत, महक, मनन, वंश और संवि विजेता रहे।

### हकेंवि में कौशल विकास पर कार्यशाला आयोजित

**महेंद्रगढ़।** जाट पाली स्थित हकेंवि में विद्यार्थियों को अध्ययन व शोध के साथ-साथ करियर निर्माण हेतु आवश्यक विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहा है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के माध्यम से इन्हीं प्रयासों की श्रृंखला में साक्षात्कार कौशल व रिज्यूम निर्माण पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन में इंडस बिजनेस एकेडमी, बैंगलुरु की निदेशक प्रो. अनिथा रामचंद्र उपस्थित रही।

### मारपीट और धमकी के आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने मारपीट और धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान रप 1 नवंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने रामपुरा निवासी राहुल मीणा व नरेश यादव को गिरफ्तार किया है। बाद में आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### बाइक चोरी के मामलों में आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने बाइक चोरी की कई वारदातों में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मॉडल टाउन थाने में दर्ज बाइक चोरी के तीन मामलों में पुलिस ने राजस्थान के सिकरी निवासी अशरफ को गिरफ्तार किया है। आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के दौरान उससे बाइक चोरी की कई वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद है।

### ऑर्म्स एक्ट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने वर्ष 2020 में दर्ज धोखाधड़ी व आर्म्स एक्ट के तहत एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच करते हुए मामले के आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब इस मामले के एक आरोपी नूंह के गुरावड़ा निवासी साजिद को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### चोरी का आरोपी भेजा गया जेल

**रेवाड़ी।** एक मकान का ताला तोड़कर चोरी करने के लिए घर में घुसे आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। मकान मालिक ने सेक्टर-4 में घर में घुसे आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। आरोपी की पहचान रामसिंहपुरा निवासी विष्णु के रूप में हुई थी। उसके कब्जे से 200 रुपये व तोड़ा गया ताला भी बरामद किया है।

### कांकोरी कांड के शहीदों की दी श्रद्धांजली

**रेवाड़ी।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने कांकोरी कांड के हीरो व अमर शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान व ठाकुर रोशन सिंह के 96वें बलिदान दिवस पर अपने कार्यालय में उनके चित्रों पर पुष्पाजंली अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की। कपिल यादव, अमन कुमार, कुमारी वर्षा, प्रदीप यादव और अजय कुमार ने भी तीनों शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया।

---

## मंगलवार को नांगल चौधरी व महेंद्रगढ़ खंड के गांवों में पहुंची विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा

# सरकार ने विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने का किया काम

### यात्रा के दौरान ग्रामीणों को दिलवाई विकसित भारत की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा मंगलवार को खंड के गांव गहली व मकसूसपुर, नांगल चौधरी खंड के गांव मौसमपुर व नांगल पीपा, कनीना खंड के गांव बवानिया व मुंडायन तथा महेंद्रगढ़ खंड के गांव भांडोर ऊंची व देवास में पहुंची। इस अवसर पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव गहली, मौसमपुर व नांगल पीपा में भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव व मकसूसपुर में चुनाव समिति प्रबंधन संयोजक व ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य नरेंद्र झिमरिया मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। वहीं बवानिया में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग से एसडीओ डा. अजय कुमार व मुंडायन में एसईपीओ कृष्णपाल तथा भांडोर ऊंची में एसईपीओ अशोक कुमार व देवास में सरपंच मंजीता यादव मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ जरूरतमंद नागरिकों पहुंचाने के लिए सरकार ने परिवार पहचान पत्र को क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का असर अब अब धरातल पर पर दिखाई देने लगा है। गांव मकसूसपुर में चुनाव समिति प्रबंधन संयोजक व ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य नरेंद्र झिमरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं है। जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है।





नारनौल। विकसित भारत की शपथ दिलाते बीजेपी जिला अध्यक्ष दयाराम यादव व प्रदर्शनी का अवलोकन करते जिला अध्यक्ष दयाराम यादव। फोटो: हरिभूमि

### आज इन गांवों में जाएगी विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा

आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर चल रही विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा 20 दिसंबर को नारनौल खंड के गांव कुतबापुर व बड़कोदा, नांगल चौधरी खंड के गांव नांगल कालिया व धौलेड़ा, कनीना खंड के गांव भालखी व बेवल तथा महेंद्रगढ़ खंड के गांव जासावास व देवनगर गांव में जाएगी।



नारनौल। कार्यक्रम में संबोधित करते नरेंद्र झिमरिया। फोटो: हरिभूमि

### लाभार्थियों ने गिनाई योजनाओं की खासियत

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने सरकार की अलग-अलग योजनाओं की खासियत बताई। उन्होंने अपनी कहानी बताते हुए लाभार्थियों को समझाया कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए अब किसी दफ्तर के चक्कर काटने की जरूरत नहीं बल्कि अधिकतर योजनाएं व सेवाएं अब सरल हरियाणा पर ऑनलाइन उपलब्ध है। नागरिक अपने खुद के मोबाइल या कंप्यूटर अथवा किसी भी नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर योजनाओं के लिए आवेदन कर सकता है। योजनाओं का लाभ लेना अब बहुत ही आसान हो गया है।

## गांव ऊंची भांडोर और देवास में पहुंची यात्रा

- माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले खिलाड़ी को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को खंड के गांव ऊंची भांडोर व देवास पहुंची। इस मौके पर विभागों ने स्टॉल लगाकर नागरिकों को अपनी सेवा दी। गांव ऊंची भांडोर मुख्यातिथि एसईपीओ अशोक कुमार व गांव देवास में मुख्यातिथि गांव के सरपंच मंजीता यादव मौजूद थे। गांव ऊंची भांडोर गांव के सरपंच बिरेंद्र ने विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव देवास में सरपंच मंजीता यादव ने विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव ऊंची भांडोर में गांव सरपंच ने एसईपीओ अशोक कुमार की अध्यक्षता में गांव के सबसे बुजुर्ग पुरुष रामजीलाल को सम्मानित किया। गांव देवास में गांव के सरपंच ने सबसे बुजुर्ग रतनलाल व गांव के शहीद कृष्ण, राजपाल, कृष्ण कुमार के परिजनों को सम्मानित किया। गांव देवास के खिलाड़ी हरीश ने मुंबई मैराथन में अव्वल स्थान प्राप्त करने पर गांव की पुत्री सलोनी को लेफ्टिनेंट में सिलेक्ट होने पर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने गांव ऊंची भांडोर के स्कूल टॉपर बच्चे क्रीति, तमन्ना, गोविंद को सम्मानित किया। इसी प्रकार गांव देवास में गांव के सरपंच ने एसईपीओ अशोक कुमार की अध्यक्षता में गांव के टॉपर बच्चे खुशबू, साक्षी, लक्ष्मी, केसरलाल, वर्षा, सपना, ईशा, मंजू, सोनाक्षी, मुस्कान व आयुष को सम्मानित किया। इस मौके पर डीडब्लूओ से अनिल कुमार, सीएससी से सुरेंद्र सिंह, क्रिड विभाग से मैनेजर रवि तंवर, डीईओ नितिन कुमार, विशाल तंवर, सतेंद्र, संजय इत्यादि मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि। फोटो: हरिभूमि

---

## सर्विलांस सिस्टम की दी जानकारी

- कृषि विशेषज्ञों ने एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन एवं नेशनल के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद से आई टीम ने मंगलवार को किसानों को दी एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन एवं नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम (एनपीएसएस) एप्लिकेशन की जानकारी दी। डा. वंदना पांडेय, उप निदेशक जमुना नेगी, वनस्पति संरक्षण अधिकारी अनिशा बानो, आस्था हुडा ने एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन की विभिन्न पद्धति जैसे की बीजोपचार, फेरोमोन ट्रैप इत्यादि का विस्तार से वर्णन किया, साथ ही नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम की डिजिटल एप्लिकेशन की प्रगतिशील किसानों को जानकारी दी एवं उनके मोबाइल में एप्लिकेशन डाउनलोड करवाकर चलाके दिखाया तथा ट्राईकोडर्मा द्वारा बीज उपचार एवं मृदा उपचार के लिए ट्राईकोडर्मा पाउडर वितरित किया। इस मौके पर कृषि उप निदेशक डा. देवेंद्र सिंह, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी डा. हरपाल सिंह, तकनीकी सलाहकार डा. सतीश इंदौरा, तकनीकी सलाहकार डा. देवेंद्र यादव, कृषि विकास अधिकारी डा. सुधीर यादव ने सभी का आभार जताया।



नारनौल। किसानों को एप्लिकेशन के बारे में जानकारी देती फरीदाबाद से आई टीम।

## द्रोणाचार्य स्कूल में पुलिस पाठशाला आयोजित

- नशे से होने वाले दुष्प्रभावाओं व साइबर अपराध के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

हरियाणा उदय मुहिम के तहत महावीर चौकी पुलिस टीम ने गुरु द्रोणाचार्य स्कूल गांव ढाणी किरारोद में विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव व साइबर क्राइम के प्रति जागरूक पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया। एसआई रवि ने बताया कि हरियाणा उदय मुहिम के तहत पुलिस की ओर से आमजन को नशा करने वाले पदार्थों से शारीरिक, मानसिक दुष्प्रभाव की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है और साथ ही साइबर अपराधों के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। पुलिस की पाठशाला से स्कूल के विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्परिणाम बताए गए, ताकि युवा पीढ़ी नशे से दूर रहे। उन्होंने कहा कि नशा करने वाले पदार्थों से शारीरिक व मानसिक दुष्प्रभाव होते हैं। नशे की रोकथाम को नशामुक्ति केंद्र से इलाज करवाया जाता है।



नारनौल। पुलिस पाठशाला कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### सावधानी से करें प्रयोग

चौकी इंचार्ज ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि सोशल मीडिया का प्रयोग करने से बचें। अगर आप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते है, तो पब्लिक की जगह प्राइवेट अकाउंट बनाएं। प्राइवेट अकाउंट ज्यादा सुरक्षित है। सावधानी बरतेंगे तभी जालसाजों से बच पाएंगे। अपना फोटो या वीडियो सोच समझकर ही पोस्ट करें, क्योंकि इसका गलत इस्तेमाल भी हो सकता है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि अगर आपके साथ सोशल मीडिया पर किसी तरह की घटना हो जाती है, तो सबसे पहले अपने परिजनों को इसकी सूचना दें और हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। इसके बाद एनसीआरपी पोर्टल या अपने संबंधित थाने अथवा साइबर थाने में शिकायत करें।

---

## जीनियस एकेडमी में मनाया शहादत दिवस

- शहीदों की वजह से ही हम आज आजादी का जीवन व्यतीत कर रहे हैं: सोनिका यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

जीनियस एकेडमी परिसर में शहादत दिवस पर देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान और ठाकुर रोशन सिंह के बलिदान दिवस पर उनकों नमन किया गया। एकेडमी निदेशक अमित यादव ने बताया कि 19 दिसंबर 1927 को स्वतंत्रता सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उला खान व रोशन सिंह को फांसी दी गई थी। आजादी के इन मतवालो को काकोरी कांड को अंजाम देने के लिए फांसी सुनाई गई। राम प्रसाद बिस्मिल का जन्म 11 जून 1897 को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर मे हुआ। और उन्होंने 19 साल की उम्र से ही बिस्मिल के नाम से उर्दू व हिंदी में शक्तिशाली देशभक्ति की कविताएं लिखनी शुरू कर दी थी। उन्होंने चंद्रशेखर आजाद के साथ मिलकर हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन का गठन किया और 1918 के मैनपुरी षड्यंत्र और 1925 के काकोरी षड्यंत्र में भाग लिया और वे 19 दिसम्बर 1927 को मात्र 30 वर्ष की आयु में गोरखपुर जेल में 'मेरा रंग दे बसंती चोला' ओर 'सरफरोसी की तमन्ना अब हमारे दिल में हैं' जैसे गीत गुनगुनाते हुऐ फांसी पर झूल गए। अमित यादव ने कहा कि इन शहीदों की वजह से ही हम आज आजादी का जीवन व्यतीत कर रहे हैं हमे हमेशा उनके बताऐ मार्ग पर चलना चाहिए। एकेडमी चेयरपर्सन सोनिका यादव ने कहा कि हमें देश की आजादी के लिए अपनी जान न्यौछावर करने वाले उन वीर शहीदों को हमेशा याद रखना चाहिए।



महेंद्रगढ़। बलिदानों के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए चेयरमैन अमित यादव व विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## अटेली में निकाली जागरूकता रैली

- महिला कॉलेज में विकसित भारत अभियान के तहत संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭मंडी अटेली

राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली में सोमवार को विकसित भारत अभियान के तहत संगोष्ठी और जागरूकता रैली इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या डॉ. मनीषा यादव द्वारा की गई। कार्यक्रम का संयोजन विकसित भारत अभियान के नोडल अधिकारी प्रो संदीप कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर विकसित भारत अभियान की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। सोशल मिडिया के माध्यम से विकसित अभियान को जन-जन की आवाज बनाना है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी छात्राएं वैबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करें और अपना आइडिया दें। जब भारत स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा तो एक विकसित राष्ट्र होगा और इसमें युवाओं की भागीदारी सवार्ेच्च होगी। इस मौके डॉ. मनीषा यादव ने कहा विकसित भारत अभियान हम सब का एक सांझा संकल्प है। सभी को मिलकर पूरा करना है। यह भारत के इतिहास का वह दौर है, जब देश लंबी छलांग लगाने जा रहा है।




मंडी अटेली। अटेली में विकसित भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली निकालते हुए। फोटो: हरिभूमि

---

## हकेंवि में कौशल विकास व भारतीय ज्ञान परंपरा पर कार्यक्रम

# ऐसे आयोजनों से ही लक्ष्यों की प्राप्ति संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पंडित मदन मोहन मालवीय टीचर्स ट्रेनिंग केंद्र द्वारा 'कौशल विकास और भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर संकाय संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आगामी 28 दिसंबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता है। भारतीय ज्ञान परंपरा अपनी मूल धारणा में वैज्ञानिकता और कौशल विकास के विभिन्न चरणों की प्रतिपूर्ति करती है। शिक्षक इन सोपानों की खोज करें और एक सक्षम और सशक्त भारत के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान करें। भारतीय ज्ञान परंपरा में दार्शनिकता और वैज्ञानिक विचार पद्धति के साथ-साथ जीवन कौशल के आधारभूत तत्व मौजूद हैं। जब हम अपनी परंपरा के प्रगतिशील तत्वों को विश्व के समक्ष लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शिक्षकों को दायित्व है कि समाज व राष्ट्रहित में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप अपनी समृद्ध विरासत का उत्खनन करें।



महेंद्रगढ़। संकाय संवर्धन कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

### 200 से अधिक शिक्षकों ने लिया हिस्सा

प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि भक्ति आंदोलन ने ज्ञान का लोकतंत्रीकरण करते हुए ज्ञान का मार्ग सबके लिए प्रशस्त किया। ज्ञान की कोई एक परंपरा नहीं होती, बल्कि परंपराएं होती हैं। ज्ञान अपने आप में ही बहुलतावाद का सूचक है। हकेंवि में पंडित मदन मोहन मालवीय टीचर्स ट्रेनिंग केंद्र के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि इस संकाय संवर्धन कार्यक्रम में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और संस्थाओं के 200 शिक्षक भागीदारी कर रहे हैं। केंद्र संयोजक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने मुख्यातिथि का परिचय दिया और इस कार्यक्रम की संकल्पना से अवगत कराया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. नितिन, डॉ. सिद्धार्थ राय, डॉ. युद्धवीर और डॉ. आलेख एस. नायक ने किया।

# 74 युवाओं ने अग्निवीर टेस्ट किया क्वालीफाइ

## हरियाणा लांयस डिफेंस एकेडमी में खुशी

- जीडी में 54, क्लर्क में 13, टेक्निशियन में 4 व 3 अन्य पास

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

हरियाणा लांयस डिफेंस एकेडमी के 74 युवाओं ने भारतीय सेना में फिजिकल टेस्ट पास किया है। जानकरी देते हुए एकेडमी के कोच संजय ने बताया कि हरियाणा लांयस एकेडमी के क्षेत्र के युवाओं को भारतीय सेना में भर्ती स्पोर्ट्स का प्रशिक्षण दिया जाता है। क्षेत्र के युवा फिजिकल अभ्यास के लिए सुबह-शाम एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। उन्होंने बताया कि चार से 17 दिसंबर से रेवाड़ी के राव तुलाराम स्टेडियम में चल रहीं है। आर्मी अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में उनकी एकेडमी के 74 युवाओं ने सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि जीडी-54, क्लर्क-13, टेक्निशियन-4 व ट्रेडमैन में 3 युवा ने सफलता प्राप्त की है। एकेडमी के कोच ने सफल युवाओं को बधाई दी। और कहा कि आने वाले समय में एकेडमी द्वारा देश की सेना में अच्छे सैनिक तैयार करके देश सेवा के लिए तत्पर रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### तीन किसानों की 33 नोजल चोरी, केस दर्ज

**महेंद्रगढ़।** खायरा में तीन किसानों की 33 नोजल अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। पीड़ित किसानों ने सिटी पुलिस में शिकायत देकर नोजल बरामद करने तथा अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। किसान की शिकायत पर मामला दर्ज की चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### सड़क का निर्माण करने की मांग डीसी को ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** शहर के 11 हट्टा बाजार की सड़क का निर्माण करने को लेकर डीसी मोनिका गुप्ता को एक ज्ञापन सौंपा। समाजसेवी रामनिवास पाटोदा, अशोक कुमार, पोहप कुमार, राजेंद्र, राजेश ने बताया कि महेंद्रगढ़ जिला सबसे पुराने जिलों में शामिल है, बावजूद इसके जिले की हमेशा उपेक्षा होती आई है। महेंद्रगढ़ शहर की बात करें तो बीती योजना में पूरा समय शहर विकास को तरसता रहा।

### अनिवार्यता पर आधारित कराई निबंध प्रतियोगिता

**नांगल चौधरी।** शहीद मेजर सतीश दहिया राजकीय कॉलेज में प्राचार्य डा. अनिल यादव की अध्यक्षता में गणित सप्ताह का शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों को सामाजिक और आर्थिक विकास में गणित की महत्ता से अवगत करवाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की निबंध प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें विजेता रहे प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

### गर्म कपड़े देने को नेकी की दीवार की शुरूआत

**नारनौल।** डीसी मोनिका गुप्ता व जिला रेडक्रॉस सचिव महेश गुप्ता के मार्गदर्शन में नेकी की दीवार की स्थापना की गई है। जिला रेडक्रॉस सचिव महेश गुप्ता ने बताया कि सर्दी के मौसम को देखते हुए गरीब, बेसहारा व बेघर व्यक्तियों को सर्दी के बचाव के लिए गर्म नए कपड़े कम्बल, शॉल, स्वेटर आदि देने के लिए नेकी की दीवार की शुरूआत की गई है।

### समिति ने नपा चेयरमैन को किया सम्मानित

**महेंद्रगढ़।** डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति की टीम द्वारा मंगलवार को नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी को बाबा साहब का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। 13 दिसंबर को आंबेडकर भवन में भूमितल आधारशिला को लेकर एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्यातिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. बनवारीलाल उपस्थित थे।

### जरूरतमंद विद्यार्थियों को वितरित किए गर्म वस्त्र

**महेंद्रगढ़।** गांव कैमला के रामावि में सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारी रणधीर सिंह ने बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित किए। डॉ. विश्वेश्वर शर्मा बीईओ कनीना रहें। कैप्टन महावीर सिंह व विरेंद्र सिंह जांगिड़ ने बताया कि रणधीर सिंह निवासी ढाणी गुढ़ा ने स्वेच्छा से कक्षा प्रथम से आठवीं तक के सभी विद्यार्थियों को गर्म वस्त्र वितरित किए हैं।

### पंजीकरण करवाने के जल्द करें आवेदन

**नारनौल।** मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के लिए पात्र आवेदक शादी के पंजीकरण करवाने के बाद शादी की तिथि से दो से तीन माह के अंदर-अंदर जल्द से जल्द इस योजना के तहत आवेदन करें। डीसी मोनिका गुप्ता ने मंगलवार को महेंद्रगढ़ में आयोजित अपने साप्ताहिक कैंप में कहीं। शादी की तिथि से छह माह के अंदर-अंदर आवेदन कर सकते हैं।

### बच्चों में राष्ट्रीयता की भावना भरने का प्रयास

**नारनौल।** सेंट जॉन रेडक्रॉस भवन में चल रहे पांच दिवसीय जेआरसी प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को रिसोर्स पर्सन ने विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला। डीईईओ ज्ञानचंद, बीआरसी संतोष कुमार चौहान, बीईओ अलका एवं बीआरसी दिलबाग सिंह मौजूद थे। कैंप के दौरान जयपुर हार्ट केयर हॉस्पिटल की ओर से सभी प्रतिभागी बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई।

## नगर पालिका महेंद्रगढ़ में भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों की खैर नहीं

# मौहल्ला महायचान व खटीकान अनाधिकृत क्षेत्र में करें शामिल

शहर के सबसे पुराने मौहल्ले महायचान व खटीकान को नए नक्शे अप्रूड से किया अनअप्रूड लोगों को उठानी पड़ रही हैं परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। नपा एमई सुमित कुमार से मुलाकात करते बलवान फौजी व अन्य।


महेंद्रगढ़। नपा अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए। फोटो : हरिभूमि

शहर के लोगों ने मंगलवार को मौहल्ला खटीकान व महायचान को नगर पालिका के नए नक्शे में अनाधिकृत क्षेत्र में शामिल करने पर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी बलवान फौजी के नेतृत्व में सरकार व अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना रोष जताया। उन्होंने सरकार से दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

बलवान फौजी ने कहा कि एक तरफ प्रदेश सरकार सभी जिलों में अवैध कॉलोनियों को अप्रूव्ड रहीं हैं। लेकिन महेंद्रगढ़ जिले में एक कॉलोनी को अप्रूव्ड नहीं किया। लेकिन शहर के सबसे पुराने मोहल्ला खटीकान व महायचान को नगर पालिका के अधिकारियों ने नए नक्शे में अप्रूव्ड से अनअप्रूव्ड में शामिल कर दिया हैं। जबकि इन मोहल्लों में नगर पालिका की ओर काफी वषार्ें से विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

इसके अलावा पिछले दिनों नगर पालिका की ओर से दोनों मोहल्लों में सड़क निर्माण के लिए टेंडर छोड़े गए थे। यहां सड़क का निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका था, लेकिन नए अप्रूव्ड कॉलोनी में शामिल होने के बाद सड़क निर्माण कार्य रोक दिया गया है, जिससे शहर के लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

उन्होंने बताया कि यहां तक की मोहल्लों के लोग प्रत्येक वर्ष सभी तरह के शुल्क भी नगर पालिका में जमा कर रहे हैं। सभी की प्रॉपटी आईडी बनी हुई है तथा सभी के मकान के नक्शे भी नगर पालिका की ओर से पास किए हुए हैं। इसके बावजूद भी दोनों मोहल्लों को नगर पालिका के अनाधिकृत क्षेत्र में शामिल कर दिया है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने ट्वीट करके भ्रष्ट अधिकारियों का नाम लिखकर बोर्ड व सार्वजनिक स्थान पर लगाने की बात कह रहे हैं। अगर महेंद्रगढ़ नगर पालिका में किसी अधिकारी ने भ्रष्टाचार किया तो उस अधिकारी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

पार्षद सुरेंद्र फौजी ने बताया कि दोनों मोहल्ले उनके वार्ड नंबर 13 में आते है। दोनों मोहल्लों में करीब 15 सौ आबादी रह रहीं हैं। इस क्षेत्र में काफी वर्ष नगर पालिका की ओर से सड़क का निर्माण व सीवर लाईन बिछाई जा रही हैं। इसके अलावा की सीट नंबर 44 व 47 में यह क्षेत्र लाल डोरे में दर्शाई गई हैं।

इसके बावजूद भी दोनों मोहल्लों को अनाधिकृत क्षेत्र में शामिल कर दिया गया। इस अवसर पर डॉ. धर्मबीर पायगा, ब्रह्मानंद वाल्मीकि, संतोष, रामनिवास पाटोदा, जगदीश महायच, सूबेदार राजेश शर्मा व शुभलक्ष्मी सहित इत्यादि कर्मचारी व पदाधिकारी मौजूद रहे।



### गांवों के विकास पर ध्यान नहीं दे रही सरकार

**नारनौल।** पूर्व सांसद राव मानसिंह के पुत्र एवं बिजली निगम से सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता राव सुखबिन्द्र सिंह ने मंगलवार को विधानसभा के गांव मंढाणा, धरसू व खासपुर में जनसंपर्क किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त एसई सुखविंद्र सिंह ने कहा कि गांवों के विकास की ओर सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। कई गांव तो ऐसे भी है जिनमें कई सालों से सड़कों का निर्माण नहीं हुआ है। जिसके कारण ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि गांव के अंदर विकास नहीं होने के कारण ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि अगर ग्रामीणों ने उन्हें मौका दिया तो वह गांव की समस्या का समाधान करेंगे।



### एक लाख दीपक कार्यक्रम, महिलाओं ने दिए दीप

**महेंद्रगढ़।** भारत के सभी महापुरुषों के पीछे महिलाओं का योगदान रहा है। राम के साथ सीता, कृष्ण के साथ राधा, शिव के साथ पार्वती, विष्णु के साथ लक्ष्मी के बिना उनका जीवन अधूरा था। उनके कार्य को पूरा करने में उनकी अर्धांगिनियों का साथ रहा। इसी प्रकार समाज के अच्छे कार्य में महिलाओं का योगदान बढ़-चढ़कर हो। यह बात मंगलवार को मोहल्ला लाल वाला कुआं के नरसिंह मंदिर में हुडा पार्क में 22 जनवरी को एक लाख दीपक जलने का कार्यक्रम योजना रचना के लिए आयोजित हुई बैठक को संबोधित करते हुए सुनीता खजांची ने कही। उन्होंने कहा कि हम सब भगवान राम के वंशज है और सनातन के लिए इससे बड़ा दिन कोई नहीं हो सकता। विधर्मियों द्वारा जो राम के मंदिर को तोड़ दिया गया था। वह मंदिर पुनः बनकर तैयार हो रहा है।

### सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

**नारनौल।** सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी-1 सुनील भोरिया ने मंगलवार को मतदाता सूचियां का संक्षिप्त पुनरीक्षण रिवीजन के लिए निर्वाचन कार्यालय का दौरा किया। सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी-1 सुनील भोरिया ने मतदाता सूचियां के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के दौरान ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त फामार्ें पर की गई कार्रवाई, मतदाता पहचान पत्रों का वितरण व अन्य कायार्ें का निरीक्षण किया। नायब तहसीलदार को निर्देश दिए की इन सभी कायार्ें का समय रहते इनका निपटारा करवाएं। इसके बाद उन्होंने निर्वाचन कार्यालय में जिले के चारों डेडीकेटिड एईआरओ के साथ बैठक कर उन द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी ली।

## कच्चे रास्तों को करें पक्का सांसद का सीएम को पत्र

- निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने पिछले दिनों विभिन्न चरणों में सरपंचों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

ब्लॉक महेंद्रगढ़ के गांवों को गांवों से जोड़ने वाले पांच करम के 23 रास्तों को पक्का करवाने के सांसद धर्मबीर सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि हरियाणा सरकार की पॉलिसी के मुताबिक पांच करम के सभी कच्चे रास्तों को पक्का करवाया जाना है। किसी कारण से ब्लॉक महेंद्रगढ़ एवं सतनाली के बहुत से ऐसे कच्चे रास्तों को पक्का करने की रिपोर्ट अभी तक मार्केटिंग बोर्ड के मुख्यालय नहीं भेजी गई थी। इसी विषय को लेकर उन्होंने विगत दो महीने में बोर्ड के अधिकारियों एवं रूट अनुसार गांवों के सरपंचों के साथ विभिन्न चरणों में बैठक की थी। इन विभिन्न बैठकों में ब्लॉक महेंद्रगढ़ के 23 ऐसे रास्ते निकलकर आए थे जो टेक्नीकल पहलुओं को पूरा करते हैं तथा जिन्हें सरकार की पॉलिसी के अनुसार पक्का बनाया जा सकता है। इन सभी रास्तों के नक्शे इत्यादी भी इस दौरान सरपंचों ने मार्केटिंग बोर्ड के कार्यालय में जमा करवा दिए हैं। संदीप मालड़ा ने बताया कि इन 23 रास्तों को पक्का करवाने के लिए उन्होंने दिल्ली पहुंचकर सांसद धर्मबीर सिंह से मुलाकात की थी तथा इसकी लिस्ट भी सौंपी थी।

## पूर्व विधायक ने गांवों में लोगों को किया सम्मानित

- 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर होगा सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। ग्रामीणों को संबोधित करते पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह।

पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह भिवानी-महेंद्रगढ़ हलके के गांवों के दौरे कर विशिष्ट लोगों को सम्मानित कर रहे हैं। उनका यह एक भव्य कार्यक्रम के लिए निमंत्रण एवं सम्मान समारोह 14 जनवरी मकर संक्रांति के पावन पर्व तक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक गांव के लिए चलेगा, जिसमें वे स्वयं जाकर लोगों से रूबरू हो रहे हैं। उन्होंने बाढ़ड़ा-दादरी हल्के में आने वाले गांवों में जाकर लोगों को सम्मानित किया। उन्होंने मकड़ाना, मकड़ानी, संतोखपुरा, गोठड़ा, महराणा, पातुवास, ढ़ाणी फौगाट, टिकाण कलां, खेड़ी सनसनवाल, मोड़ी, बलकरा, घसोला, रामनगर, चरखी, मानकावास, पांडवान, अख्तियारपुर, डोहकी, रासीवास, छपार तथा नरसिंहवास गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने राव बहादुर सिंह का सम्मान किया तथा साथ ही कांग्रेस सरकार की नीतियों की सराहना की। आपके सहयोग व जन समर्थन से अबकी बार कांग्रेस सरकार आएगी व सभी गांवों में जनकल्याणकारी कार्य करवाए जाएंगे। बेरोजगारी दूर करने पर सरकार का पूरा ध्यान रहेगा। कांग्रेस पार्टी सामाजिक मुद्दों, धर्म निरपेक्ष नीतियों की वकालत करती है जो समान अवसर, स्वास्थ्य, शिक्षा का अधिकार, नागरिक स्वतंत्रता को प्रोत्साहित करती है और सामाजिक बाजार, अर्थव्यवस्था और एक मजबूत कल्याणकारी राज्य का समर्थन करती हैं। समाज के लिए कुछ करने की लगन के चलते 2014 में लोकसभा का चुनाव लड़ा और मोदी लहर के चलते हुए भी 275168 से अधिक वोट हासिल किए और सबसे कम मतों के अंतर से जीत से वंचित रहे। जबकि अन्य लगभग 8 से 10 लाख मतों से हारे। अब कांग्रेस सर्वे के आधार पर जीतने वाले प्रत्याशी को ही टिकट देगी और पूरा विश्वास है कि टिकट मिलेगी तथा भारी मतों से आपकी अपनी जीत होगी। सभी समस्याओं का समाधान तुरंत प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा। इस अवसर पर पूनम देवी जिला पार्षद, जीवनराम, सत्यवीर झुकिया, टिल्लू सरपंच, बबीता भारती, थान सिंह, रघुनाथ सिंह व पूर्व सरपंच धर्मेंद्र सिंह इत्यादि मौजूद रहे।



### फाइनल मुकाबले में झज्जर की टीम बनी विजेता

**महेंद्रगढ़।** बाबा रूपादास खेल स्टेडियम पालड़ी पनिहारा में ट्राई सीरीज का मंगलवार को फाइनल मुकाबला हुआ। रोचक मुकालबे में झज्जर की टीम ने हिसार को 15 रन से शिकस्त दी। फाइनल मैच का टॉस राजपाल पच ने करवाया। झज्जर की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 137 रन बनाए, जबकि झज्जर की साइड से करीना ने शानदार अर्शतक बनाया। बैटिंग करने उतरी हिसार की टीम मात्र 15 रन से हार गई। खिलाड़ी पारुल के अर्धशतक की बदौलत मैच में एक अच्छा रोमांस हुआ। मंदिर कमेटी प्रधान विजयपाल फौजी ने बच्चों को खेल का महत्व बताते हुए मेहनत करने को प्रेरित किया। खिलाड़ियों से फीडबैक लिया और कहा कि जो कमियां वह जल्दी ही सभी ग्रामीणों के सहयोग से पूरी करने की कोशिश की जाएगी। ग्रामीणों की मदद से खेल स्टेडियम को शानदार बनाया गया है। जिला लेवल के ट्रायल के लिए भी जिला प्रशासन द्वारा इसी मैदान को चुना गया था। इससे पहले अंडर-14 राज्य स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन भी हुआ था। इस मौके पर मंदिर कमेटी प्रधान विजयपाल यादव, मंदिर कमेटी सचिव राजपाल यादव, कोच रवि पाली, अजीत डागर, नरेंद्र कौशिक, अतर सिंह, अतर सिंह, मास्टर महीपाल, नीका सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एचपीएस के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

- तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने लिया भाग, ऐसे आयोजनों से बढ़ता है बच्चों का व्यावहरिक ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। भ्रमण करते एचपीएस स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल के तीसरी से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण झज्जर स्थित जॉय गांव फार्म हाउस में किया। जिसमें बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। यह भ्रमण प्राचार्य सुनील यादव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस भ्रमण में बच्चों ने हरियाणा के वास्तविक ग्रामीण जीवन का अनुभव प्राप्त किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने दिए बनाना, मेहंदी लगाना, कठपुतली का खेल, जादू का खेल आदि गतिविधियों में भाग लिया व ऊंटगाड़ी, बैलगाड़ी, ट्रैक्टर की सवारी का आनंद लिया।

वहां विद्यार्थियों ने चूल्हे पर बनी हुई मक्का की रोटी, लहसुन की चटनी, चावल, छोले, पूड़ी सब्जी, दाल, खिचड़ी, खीर, गुलगुले, छाछ, नींबू शिकंजी, कच्ची हरी सब्जियां आदि अनेक प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाया व विभिन्न प्रकार के खेल क्रिकेट, रस्साकशी, बैडमिंटन, रोप स्लाइडिंग व झूलो और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाया। संस्था अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में ज्ञान की वृद्धि तो होती ही है, उनका व्यवहारिक ज्ञान भी बढ़ता है। विद्यालय के प्राचार्य सुनील यादव ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण शिक्षा की अहम कड़ी है इसलिए विद्यार्थियों को समय-समय पर शैक्षणिक भ्रमण करवाकर उनका ज्ञान अर्जन करना आवश्यक है। संस्था संस्थापक सुभाष चंद्र वर्मा व निर्देशक पुष्करमल वर्मा ने सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### बार एसोसिएशन को पांच लाख रुपये की ग्रांट देने की मांग

**नारनौल।** बहुजन समाज पार्टी के नेता एवं प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमो अतरलाल एडवोकेट ने प्रदेश सरकार से बार कार्यकारिणी के निर्विरोध चुनाव के लिए कनीना बार एसोसिएशन को पांच लाख रुपये की विशेष ग्रांट देने की मांग की है। मुख्यमंत्री मनोहरलाल को भेजे ज्ञापन में कहा है कि कनीना बार एसोसिएशन ने अपनी कार्यकारिणी का निर्विरोध चुनाव कर एक ऐतिहासिक कार्य किया है। प्रजातंत्र में सर्वसम्मति होना बहुत बड़ी उपलब्धी है। इससे एडवोकेटस में पार्टी बाजी खत्म होती है और वे असहाय जरूरतमंद को सुलभ तथा त्वरित न्याय दिलाने की अपनी जिम्मेवारी का मजबूती से निर्वहन करने में कामयाब होते हैं। प्रदेश सरकार जिस तरह निर्विरोध चुनी गई पंचायतों व स्थानीय निकायों को विशेष ग्रांट देती है, उसी तरह कनीना बार एसोसिएशन को भी निर्विरोध कार्यकारिणी चुनने के लिए विशेष ग्रांट दी जाए।

**आयोजन** गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में राजकीय विद्यालय मांदी में जागरुकता शिविर आयोजित

## गीता विश्व के महान ग्रंथों में सबसे श्रेष्ठ हमारे ग्रंथों की रचना वेदों पर आधारित

भगवान विष्णु ने स्वयं कहा था कि गीता के पांच अध्याय मेरा मस्तक है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भगवत गीता महोत्सव-2023 के उपलक्ष्य में राजकीय वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय मांदी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में नैतिक मूल्यों की शिक्षा के नोडल अधिकारी एवं पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन कुमार शर्मा ने कहा कि गीता ग्रंथ विश्व के महान ग्रंथों में सबसे श्रेष्ठ ग्रंथ है। हमारे सभी ग्रंथों की रचना वेदों पर आधारित है, लेकिन गीता ग्रंथ की रचना स्वयं भगवान के मुख से हुई है। भगवान विष्णु ने स्वयं कहा है कि गीता के पांच अध्याय मेरा सिर है।


नारनौल। गीता ग्रंथ के बारे में जानकारी देते विपिन कुमार शर्मा। फोटो : हरिभूमि

पांच अध्याय मेरी भुजाएं है, ग्यारहवा अध्याय मेरा हृदय, दिल व मन है। 16वां अध्याय मेरा उदर है, 17वां अध्याय मेरी जंघा है, 18वां अध्याय मेरे चरण है। सभी 700 श्लोक मेरी नाड़िया है और गीता के जो अक्षर है वो मेरे रोम है। जिसके अर्थ में ह्रदय में विचारता रहता हूं और आनन्द प्राप्त करता हूं। उन्होंने बताया कि गीता के ज्ञान को सुनकर बहुत जीव कृतार्थ हुए है, ऐसा है हमारा गीता ग्रंथ।

गीता हमें जीवन जीने की राह व संस्कार सिखाती है। आज गीता दुनिया को आध्यात्मक, संस्कृति व धर्म के कारण मानवता को जीने की प्रेरणा देती है। भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र की धरती पर 5000 वर्ष पूर्व महाभारत युद्ध के दौरान अर्जुन को इस ज्ञान के माध्यम से विश्व को किस प्रकार जीना है, का संदेश देकर अपना जीवन सफल बनाने का मार्ग दिखाया है। गीता किसी विशेष जाति, धर्म के लिए नहीं है। समाज में जो भी बुराइयां अवसाद व्यापक है उनका सबका समाधान गीता में है।

गीता महोत्सव के जरिए आमजन को भारत व हरियाणा की समृद्ध संस्कृति के बारे में अवगत करवाया जा रहा है। बच्चों को गीता संदेश से नैतिक मूल्यों को ग्रहण करके अपना चरित्र उज्ज्वल बनाना चाहिए। अंत में सभी बच्चों से अनुरोध किया गया कि वें उच्च शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की शिक्षा को भी अवधारण करें, ताकि अच्छे समाज व समृद्ध राष्ट्र का निर्माण हो सकें। इस मौके पर बाल भवन से तीरंदाजी कोच सुरेन्द्र शर्मा, प्रवक्ता सरोज, मधुबाला, महावीर प्रसाद, राजेश यादव, कविता, टीजीटी घीसाराम, जेबीटी अध्यापक वेदप्रकाश, किशोर कुमार व जगरूप इत्यादि मौजूद रहे।

### शारीरिक दर्द निवारण कैंप का आयोजन

**नारनौल।** श्री नामदेव समाज समिति के तत्वावधान में शारीरिक दर्द निवारण कैंप का आयोजन रविदास मार्ग पुरानी सराय स्थित श्री नामदेव भवन धर्मशाला में किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के शारीरिक दर्द से परेशान मरीजों की स्वास्थ्य जांच वैद वेदप्रकाश शर्मा व उनकी टीम ने की। कैंप में कमर दर्द, पेटदर्द, डिस्क स्लिप, माईग्रेन, सियाटिका, गर्दन दर्द, गैस, एसिडिटी आदि समस्याओं से पीड़ित मरीजों का इलाज से किया गया। श्री नामदेव समाज समिति के प्रधान ओमप्रकाश लुहारिया ने बताया कि सभी मरीजों की जांच व इलाज निःशुल्क किया गया। वेद वेदप्रकाश शर्मा ने कहा कि बदलते हुए परिवेश में उचित आहार विहार न करने जैसे अनेक कारणों से शरीर में दर्द की समस्या सामने आ जाती है।

**.सूचना**

मै नरेंद्र कुमार पुत्र नथुराम वासी गांधी कॉलोनी वार्ड नं.13 नारनौल तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरी 8 वीं कक्षा की सर्टिफिकेट में मेरा नाम नरेंद्र है, जबकि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम नरेंद्र कुमार है जो कि सही है। आगे से मुझे नरेंद्र कुमार के नाम से ही जाना जाए।

**सूचना**

मैं, जयनारायण पुत्र गणपत सिंह निवासी वार्ड नं.11, तहसील-कनीना, जिला-महेन्द्रगढ़ घोषणा करता हूं मेरे पुत्र संजय व पुत्रवधु कांता तथा इनका पुत्र प्रसांत मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेन-देन करने व सम्बंध रखने वाला स्वंय जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।।

## खबर संक्षेप



### सलीमपुर की सरपंच की भांजी ने लौटाया पर्स

**मंडी अटेली।** छापड़ा सलीमपुर की सरपंच एकता यादव की भांजी प्रिया मेहता ने सुराणा पुल के मिले रुपये व गहनों का पर्स मालिक को लौट कर ईमानदारी का परिचय दिया है। सरपंच प्रतिनिधि सिंहराज यादव ने कहा कि पर्स को लौट कर गांव परिवार के संस्कार व संस्कृति तथा सामाजिक, मानवता, नैतिकता को दर्शाता है।

### एआईयूटीयूसी कार्यकर्ता 21 को करेंगे प्रदर्शन

**नारनौल।** एआईयूटीयूसी हरियाणा प्रदेश कमेटी के प्रधान कामरेड राजेंद्र सिंह व सचिव हरिप्रकाश ने बताया कि एआईयूटीयूसी कार्यकर्ता 21 दिसंबर को स्कीम वर्कर की मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शन में एआईयूटीयूसी से जुड़ी सभी यूनियन व एआईयूटीयूसी जिला कमेटी शामिल होगी।

### वृद्ध सम्मान समारोह 13 जनवरी को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के प्रधान दुलीचंद शर्मा ने बताया कि किला रोड स्थित साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में संगठन की ओर से 13 जनवरी को सुबह 10:30 बजे वृद्ध सम्मान समारोह होगा। जिसमें 31 दिसंबर तक 90 वर्ष की आयु पूरी कर चुके महिला एवं पुरुष सम्मानित किए जाएंगे। इसके लिए आयु प्रमाणपत्र के साथ निर्धारित फार्म पर 31 दिसंबर तक आवेदन करना होगा। जो कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता के टीम का चयन आज

**नारनौल।** सीनियर राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए 20 दिसंबर को जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता लार्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल सिहमा में होगी। जिसमें महिलाओं व पुरुषों की टीम का चयन किया जाएगा। प्रधान बाबूलाल यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपना आधार कार्ड व फोटो साथ लाए।

# अब 24x7 शहर में भारी वाहनों की एंट्री रहेगी बैन, प्रशासन ने लागू की धारा 144

## शहरवासियों व वाहन चालकों को शहर के चारों ओर सर्किल बाइपास सर्किल बनने का मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर के लिए अच्छी खबर है। अब दिन हो या रात, भारी वाहन शहर के अंदर से नहीं गुजरेंगे। कारण, शहर के चारों ओर बाइपास नुमा सर्किल पूरी तरह से तैयार हो गया है। इस वजह से अब शहर में दिन-रात नो-एंट्री रहेगी। भारी वाहनों को बाइपास से ही दूसरी सड़क पर जाना होगा। प्रशासन ने भी इस बारे धारा 144 लागू कर दी है। इस आदेश के लागू होने के बाद अब शहर के अंदर भारी वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आएगी। जानकारी के मुताबिक नारनौल शहर में एंट्री करने के चारों कॉर्नर पर चार सड़क मार्ग है। रेवाड़ी साइड से नेशनल हाइवे 11 है, जो शहर को पार करते हुए सिंघाना राजस्थान की ओर जाता है।

### बाठोड़ा से शुरू होता है हाइवे

नांगल चौधरी साइड नेशनल हाइवे 148बी है। महेंद्रगढ़ मार्ग स्टेट हाइवे है। यह स्टेट हाइवे मांग नांगल चौधरी साइड ढाणी बाठोठा से शुरू हो जाता है। नांगल चौधरी सड़क मार्ग को सिंघाना रोड व महेंद्रगढ़ रोड से जोड़ने के लिए पहले ही बाइपास था, उसे डबल लाइन में फिलहाल करने का कार्य प्रगति पर है। रेवाड़ी रोड साइड नेशनल हाइवे-152डी भी शुरू हो जाता है।

रेवाड़ी रोड पर गांव सुराना के पास से राइट साइड से 152डी को नीचे से क्रॉस करते हुए



महेंद्रगढ़ मार्ग पर लहरोदा और आगे चलकर सिंघाना रोड तक बाइपास तैयार किया जा चुका है। इस तरह शहर के चारों ओर बाइपास सड़क का जाल बिछ चुका है। आपको बता दें कि पहले दिन के समय शहर में भारी वाहनों की नो-एंट्री थी। अब उपायुक्त के आदेश के बाद रात को भी भारी वाहनों पर नो-एंट्री कर दी गई है।

### डीसी ने जारी किए निर्देश

जिलाधीश मोनिका गुप्ता ने एक आदेश पारित कर लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से नारनौल शहर में सड़कों पर भारी वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध लगाने के लिए धारा 144 लागू की है। यह आदेश आवश्यक सामान ले जाने वाले भारी वाहनों पर लागू नहीं होगा। जिलाधीश ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि नारनौल शहर की व्यस्त सड़कों पर रात्रि के समय भारी वाहनों की तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाने के कारण दुर्घटनाओं की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं।

पिछले साल 2022 और मौजूदा साल 2023 में कई सड़क दुर्घटनाएं हुईं जिनमें कई लोगों की मौत हो गई। इन भारी वाहनों को शहर में प्रवेश करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि शहर के चारों ओर बाईपास सड़कों की सुविधा उपलब्ध है। इसका उपयोग भारी वाहनों को चलाने के लिए किया जा सकता है। यह आदेश पुलिस अधीक्षक, उपमंडल मजिस्ट्रेट नारनौल एवं सचिव आरटीए इन आदेशों की पालन करवाएंगे। आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 188 और कानून के अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा।

## 2015 में 85 दुकानों की लगी थी बोली, व्यापारी जमा नहीं करवा रहे राशि

# विवाद के समाधान में रूचि नहीं दिखा रहे मंडी व्यापारी

**पैसा जमा नहीं करवाने वाले दुकानदारों के समाधान के लिए सरकार लेकर आई है विवादों का समाधान योजना, नांगल रोड पर जल महल के पास 65 एकड़ में बनी हुई है अनाज मंडी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रदेश सरकार द्वारा हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अंतर्गत चलाई गई विवादों का समाधान योजना का लाभ लेने में मंडी के व्यापारी रुचि नहीं दिखा रहे, जबकि इसकी अंतिम तिथि नजदीक आती जा रही है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए विपणन बोर्ड ने 31 दिसंबर अंतिम तिथि निर्धारित की हुई है। विवादों का समाधान योजना के तहत मार्केट कमेटियों के अधीनस्थ संचालित सब्जी व अनाज मंडियों में प्लॉट धारक अपने प्लॉटों की बकाया किस्त जमा कराकर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। योजना के तहत पैनल ब्याज पूरा माफ किया जा रहा है और ब्याज पर 40 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि नारनौल शहर में एक अनाज मंडी रेलवे रोड ब्वॉयज कॉलेज के समीप बनी हुई है, जबकि दूसरी नई अनाज, सब्जी एवं पशुचारा मंडी का निर्माण नांगल चौधरी रोड पर जल महल के समीप किया गया है। यह अनाज मंडी लगभग 65 एकड़ में बनी हुई है तथा इसमें अनाज तथा सब्जी एवं फल की दुकानें वर्ष 2015 में अलॉट की गई थी। तब अनाज मंडी की करीब 85 दुकानों की बोली लगाई थी। 20 बाई 50 गुणा साइज की एक दुकान की बोली लगाई गई थी और उस वक्त न्यूनतम रेट 42.90 लाख रुपये रखा गया था।





नारनौल अनाज मंडी में बना मार्केट कमेटी का कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

### लगभग सभी दुकानों की लगी थी बोली

अनाज मंडी के व्यापारी इस बोली में शामिल हुए थे और लगभग सभी दुकानों की बोली लग गई थी, लेकिन बाद में इनके रेटों को लेकर मार्केट कमेटी एवं व्यापारियों के बीच विवाद खड़ा हो गया। अनेक व्यापारियों ने बोली लगाने के बावजूद उसकी फुल एंड फाइनल फीस जमा नहीं करवाई थी और बाद में व्यापारी दुकानों का रेट ज्यादा होने की बात कहकर बोली की रकम जमा कराने से पीछे हट गए थे। मामला सरकार के मंत्रियों से लेकर सीएम दरबार तक पहुंचा, लेकिन समाधान नहीं हो पाया। इतना ही नहीं, रेट को लेकर व्यापारी हाईकोर्ट भी चले गए, लेकिन तब से लेकर अब तक इनका समाधान नहीं हुआ है रेटों को लेकर यह विवाद गहराता ही चला गया। फुल एंड फाइनल पेमेंट जमा नहीं कराने से व्यापारियों पर मार्केट कमेटी का ब्याज चढ़ता गया, जो अब एक दुकान की वेल्यू मय बयाज करीब 90-92 लाख रुपये हो गई है। हालांकि कुछ दुकानदार ऐसे भी रहे, जिन्होंने बोली की रकम मार्केट कमेटी में जमा करवा दी और अपने प्लाट का कब्जा लेते हुए वहां पर दुकान का निर्माण भी कर दिया, लेकिन अब भी ज्यादातर व्यापारियों ने यह पैसा जमा नहीं करवाया है। हालांकि बाद में विवादों का समाधान शुरू करने पर कुछ व्यापारी योजना में शामिल हो गए तथा दुकानों का पैसा जमा करवाकर अपना कब्जा ले लिया।

### यह कहते हैं अधिकारी

इन दिनों विवादों का समाधान स्कीम चल रही है। यह स्कीम 31 दिसंबर तक लागू है। इस बाबत मंडी के व्यापारियों को अवगत करा दिया गया है, लेकिन वह इसमें रूचि नहीं दिखा रहे। यदि वह योजना लाभ लेना चाहें तो पैनल ब्याज पूरा माफ किया जा रहा है और ब्याज पर 40 प्रतिशत छूट दी जा रही है।

**-विजय सिंह सचिव,** मार्केट कमेटी नारनौल।

### करीब 62 दुकानों का है अब भी विवाद

अनाज मंडी की उक्त 85 दुकानों में से अब भी लगभग 62 दुकानों का विवाद उलझा हुआ है। इन दुकानों की बोली का पैसा एवं ब्याज व्यापारी अदा नहीं कर रहे हैं तथा अब भी उक्त रेट को बहुत ज्यादा मानते हुए इसका विरोध कर रहे हैं। मामला कभी मंत्री तो कभी सीएम एवं अन्य उच्चाधिकारियों के पास जा चुका है और हाईकोर्ट में भी चला हुआ है, लेकिन अब तक फाइनल सेटलमेंट नहीं हो पाई है।

### मार्केट कमेटी ने जारी किए नोटिस जारी

मार्केट कमेटी के उक्त अलॉटी आढ़तियों को गत 13 दिसंबर को नोटिस जारी किए थे कि वह इन दुकानों की बकाया रकम कमेटी में जमा करवाएं, लेकिन समाधान अब भी नहीं हुआ। उक्त नोटिस का व्यापारियों ने एक ज्ञापन के माध्यम से सामूहिक रूप से सचिव मार्केट कमेटी को जवाब दिया है। जवाब में लिखा है कि इसका केस माननीय पंजाब एवं हरियाणा कोर्ट चंडीगढ़ में विचाराधीन है और जब तक हाईकोर्ट का फैसला नहीं होता, तब तक मंडी के प्लाटों का कोई नोटिस जारी नहीं किए जाएं। साथ ही उन्होंने मांग भी की है कि प्रदेश सरकार के इन मंडी के प्लाटों की बकाया राशि पर जीरो प्रतिशत ब्याज या 2021 की हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड द्वारा बनाई गई स्कीम के तहत हमारे एसोसिएशन के प्लाटधारकों को इस स्कीम में शामिल किया जाए, जिससे व्यापारी वर्ग को राहत मिल सके और जीवन यापन कर सकें। नोटिस का जवाब देने वालों में एसोसिएशन के प्रधान लाला बृजभूषण गर्ग, उपप्रधान राजीव छापड़ावाला, सहसचिव अनिल चौधरी, पूर्व सचिव रमेश कांटीवाला एवं महेश दौखेरा वाला आदि शामिल रहे।





मंडी अटेली। निजी बसों पर लटक कर यात्रा करते हुए छात्र। फोटो: हरिभूमि

## कॉलेज के समय नहीं रोडवेज बस छात्राओं को हो रही परेशानी, रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

हरियाणा राज्य परिवहन विभाग द्वारा महाविद्यालय के समय पर बस उपलब्ध न होने के कारण छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों का कहना है कि न तो सुबह के समय बस उपलब्ध हो रही है और न ही जाने के समय। विद्यार्थियों का कहना है कि रेवाड़ी सड़क मार्ग पर लगने वाले गांवों के विद्यार्थियों को प्राईवेट बसों व निजी वाहनों का सहारा लेकर महाविद्यालय में पहुंचना पड़ता है। विद्यार्थियों का कहना है कि अनेक बार बस चलाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। राज्य परिवहन विभाग की ओर से चलने वाली बसे सीधा नेशनल हाईवे से निकल जाती हैं। कॉलेज के विद्यार्थियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। विद्यार्थियों ने सरकार से मांग कि है कि बसों का आवागमन महाविद्यालय के समय अनुसार किया जाए, ताकि परेशानी न उठानी पड़े। अटेली कस्बे में पीजी कॉलेज के साथ-साथ महिला महाविद्यालय भी स्थापित है। जहां आसपास की छात्राओं को हर रोज आना पड़ता है, लेकिन बसों की सुविधाएं समय अनुसार नहीं उपलब्ध होने के कारण उन्हें परेशानी से जुझना पड़ रहा है।

### किसानों को खराबफसलों का नहीं मिला मुआवजा रोष प्रदर्शन कर जताया विरोध, अल्टीमेटम भी दिया

**नांगल चौधरी।** बीते साल पाले से नष्ट हुई सरसों की फसल का मुआवजा अभी तक वितरित नहीं हुआ है। जिस कारण पीड़ित किसानों को बैंकों का ऋण चुकाने, बच्चों की फीस अदायगी तथा अन्य सामाजिक रीति-रिवाजों को निभाना मुश्किल हो गया है। नांगल चौधरी हलके से कांग्रेस प्रत्याशी रहे राजाराम गोलवा ने तुरंत मुआवजा वितरण क गुहार लगाई है। अन्यथा सरकार विरोधी धरना-प्रदर्शन शुरू करने की रूपरेखा बनाई जाएगी। बीते साल 8/10 हजार प्रति एकड़ का खर्चा करके किसानों ने सरसों व सब्जी की फसल तैयार की थी, लेकिन पकने से पहले पाला पड़ना आरंभ हो गया, जिसके प्रभाव से 60 से 80 फीसदी तक सरसों नष्ट हो गई थी। कई गांवों के किसानों ने तो खड़ी फसल को ट्रैक्टर से कटवा दिया था। पीड़ित किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा स्कीम के तहत फसलों का बीमा प्रीमियम अदायगी किया था।

# सरपंच अवैध कब्जे हटवाएं, सतनाली में सभी खोखें हटवाएं: डीसी

- डीसी ने महेंद्रगढ़ में की जनसुनवाई, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

डीसी मोनिका गुप्ता ने कहा कि सरकारी जमीनों की देखभाल करना संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है। अगर कहीं अवैध कब्जे हो रहे हैं तो संबंधित विभाग तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने मंगलवार को महेंद्रगढ़ में साप्ताहिक कैंप कार्यालय के दौरान आम नागरिकों की शिकायतें सुन रही थी। कुल 52 मामले सुनवाई की तथा सतनाली में एक खोखा धारक दुकानदार को मिले नोटिस पर पीब्ल्यूडी अधिकारियों को एक साथ अवैध रूप से रखे सभी खोखे हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने पंचायती जमीनों पर अवैध कब्जे के संबंध में कहा कि पंचायती जमीनों पर अवैध कब्जे हटवाने की जिम्मेदारी संबंधित सरपंच की है। इस मामले में जिला प्रशासन द्वारा संबंधित बीडीपीओ को ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया है। सरपंच कब्जा हटवाने की कार्रवाई करवाएं। सरपंच खुद आगे आकर अवैध कब्जे छुड़वाएं। उपायुक्त के समक्ष बिजली, पानी, स्वामित्व योजना व परिवार पहचान पत्र सहित अन्य मामले भी रखे गए। इन सभी पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की यह व्यक्तिगत रुचि लेकर लोगों की समस्याओं को दूर करें। इस मौके पर एसडीएम हर्षित कुमार आईएएस, बीडीपीओ कनीना नवदीप सिंह तथा महेंद्रगढ़ के बीडीपीओ अनिल कुमार, एलडीएम विजय सिंह के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।





महेंद्रगढ़। लोगों की समस्याएं सुनती उपायुक्त मोनिका गुप्ता व नारनौल में अवैध निर्माण हटाती जेसीबी मशीन। फोटो: हरिभूमि

### डीटीपी ने अटेली में कनीना रोड पर 2.5 एकड़ भूमि से हटवाया अवैध निर्माण

- आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

**नारनौल।** जिला नगर योजनाकार की टीम ने मंगलवार को शहरी क्षेत्र अटेली में कनीना रोड पर लगभग 2.5 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार राजस्व सम्पदा खोर तहसील अटेली में कुछ लोगों की ओर से लगभग एक 2.5 एकड भूमि में बिना लाइसेंस अनुमति कॉलोनी बनाई जा रही थी व रोड नेटवर्क बिछाए जा रहे थे। जिसे जिला प्रशासन की मद्ध से तोड़ दिया गया। जिला नगर योजनाकार मंदीप सिंह सिहाग ने लोगों से अपील की कि नियंत्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करे तथा महानिदेशक नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा, चण्डीगढ़ से लाइसेंस अनुमति लेने उपरान्त ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करे अन्यथा चूककर्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसीलिए आम जन से बार-बार यही अपील की जाती है कि किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट प्रॉपर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें। इसके अतिरिक्त कोई भी प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता बारे व निर्माण करने से पूर्व नियमानुसार अनुमति लेने बारे जिला नगर योजनाकार कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में पता किया जा सकता है। जिला नगर योजनाकार ने कहा कि भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# एसपी को सौंपा ज्ञापन, चोरों को गिरफ्तार करने की मांग

- खेतों से किसानों के फव्वारे व नोजल चोरी की घटनाओं को लेकर पूर्व बीडीसी चेयरमैन सूरत सिंह की अगुवाई में सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

क्षेत्र में हो रही फव्वारे-नोजल चोरी के मामले में पंचायत समिति के पूर्व चेयरमैन सूरत सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों ने एसपी नितिश अग्रवाल को एक ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधियों की ओर से सामाजिक कार्यकर्ता व सर्व समाज मंच अध्यक्ष राधेश्याम गोमला ने एसपी को विषय की जानकारी देते हुए बताया कि गांव सिसोठ, रिवासा, खायरा, कुरहावटा व माजरा आदि गांवों में से हजारों नोजल चोरी हो गई है, लेकिन पुलिस ने अभी तक चोरों को नहीं पकड़ा है। बार एसोसिएशन प्रधान राजीव कुमार एडवोकेट ने बताया कि पिछले कई दिनों से लगातार किसानों के खेतों से चोरी हो रही हैं। चोर बड़ा ध्यान रखकर चोरी कर रहे हैं। जब किसान लाइन बदलकर वापिस जाते हैं तो चोर पीछे से नोजल चोरी कर लेते हैं।

उन्होंने बताया कि ग्रामीणों द्वारा पुलिस को इस बारे बताया जा चुका है, मगर अभी तक चोरों पर कार्रवाई नही हुई है। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एसपी से चोरों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने और नोजल बरामद करने की मांग की है। इस अवसर पर एडवोकेट राव नरेंद्र आरपीएस, एडवोकेट राजेश कुमार, रामनिवास पाटोदा, बिरेंद्र कुमार सरपंच सिसोठ, विजय फोरमैन, विजय सिंह सरपंच, राजपाल, कृष्ण सरपंच सहित रिवासा, खायरा, सिसोठ, कुरहावटा के अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। एसपी नितिश अग्रवाल को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो: हरिभूमि

# राम मंदिर के शुभारंभ पर दीपों से जगमग होगा महेंद्रगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

22 जनवरी को राम मंदिर के शुभारंभ पर नगर को दीपावली की तरह जगमग किया जाएगा। इस धार्मिक पर्व को बहुत ही सुंदर तरीके से मनाने के लिए एक समिति का गठन किया गया है, जिसके नगर संयोजक दयाशंकर तिवाड़ी को बनाया गया है। नगर में इस पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए नगर की बस्ती को पांच हिस्सों मे बांटा गया है। एक कैंची मोड़ से लेकर मसानी चौक तक दाईं और के हिस्से को दयानंद बस्ती व बाई और के हिस्से को एकलव्य बस्ती का नाम दिया गया है। वहीं मसानी चौक से माजरा चुंगी तक की बस्ती को माधव बस्ती नाम दिया गया है। तुलाराम चौक से सतनली चौक तक की बस्ती को केशव बस्ती का नाम दिया गया है। वहीं माजरा चुंगी से तुलाराम चौक तक की बस्ती को विवेकानंद बस्ती का नाम दिया गया है। इसी कड़ी में भगवान परशुराम भवन में दयानंद बस्ती की एक बैठक दयाशंकर तिवाड़ी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमे इस दयानंद बस्ती के पालक की जिम्मेवारी वेद धरसूंवाले को दी गई। इसमें आने वाले वार्ड नंबर तीन से वार्ड आठ तक के सभी पार्षद नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी, उपप्रधान मंजू कौशिक को नगर में सभी को रामलला के दर्शन का निमंत्रण देने और सभी को अपने-अपने घर में दीप जलाने का संदेश देने की जिम्मेवारी लगाई गई है। वहीं इसी बस्ती में आने वाले सभी मंदिरों को अच्छे ढंग से सजाने व वहा पर दीपक जलाकर जगमग करने के लिए सभी मंदिर संचालकों से मिलकर उन्हें जागरूक करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में दयाशंकर तिवाड़ी, सुभाष डागर, महाबीर भंडोरिया, भारत बंधु, वेद धरशुवाले, सुधीर दीवान, सुरेश सोनी, कुलदीप शर्मा व नेमी शर्मा आदि उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। बैठक करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## तीनों लेवल की उत्तरकुंजी बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड

# एचटेट पास करने वाले 1313 में 832 महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से आयोजित की गई हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2023 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। लेवल-एक, दो व तीन से जुड़े महेंद्रगढ़ जिला के 12 हजार 143 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए है। इसमें पुरूषों के मुकाबले करीब दो गुना महिला परीक्षार्थी पास हुई है।

जिला से इस परीक्षा के लेवल-एक (पीआरटी) में 1966 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। इसमें 352 पास हुए जिनमें 129 पुरूष व 223 महिला शामिल है। इस तरह लेवल वन में कुल 17.9 प्रतिशत ही परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। लेवल-दो (टीजीटी) में 6242 में से 712 ने उत्तीर्ण की। इनमें 276 पुरूष व 436 महिला शामिल है। इस श्रेणी में महज 11.4 फीसदी ही पास हुए है। वहीं लेवल-तीन (पीजीटी) में 3935 में से 249 परीक्षार्थी ने यह परीक्षा पास की। इनमें 76 पुरूष व 173 महिला वर्ग शामिल है। इस तरह इस परीक्षा में महज 6.33 प्रतिशत ही उत्तीण हुए है।





बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव व सचिव ज्योति मित्तल ने बताया कि एचटेट तीनों लेवल की फाईनल उत्तरकुंजी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है, जिन अभ्यर्थियों की आपत्तियां सही पाई गई है उन सभी का शुल्क शीघ्र ही वापिस कर दिया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि अभ्यर्थियों से तीनों लेवल के भाषा भाग हिन्दी व अंग्रेजी के प्रश्न संख्या 31 से 60 को निर्धारित पाठ्यक्रम से न होने बारे कुछ प्रश्नों/उतरों(विकल्पों) के सम्बन्ध में आपत्तियां प्राप्त हुई, जिन्हें सम्बन्धित विषय-विशेषज्ञों द्वारा जांच करवाया गया। जांच उपरान्त पाया गया कि कोई भी प्रश्न पाठ्यक्रम से बाहर नहीं पुछा गया था केवल भाषा भाग हिन्दी व अंग्रेजी के सभी प्रश्न व्याकरण से पूछे गए है। बोर्ड सचिव ने बताया कि अभ्यर्थियों के हित को देखते हुए बोर्ड द्वारा एचटेट के तीनों लेवल के परिणाम में भाषा भाग हिन्दी व अंग्रेजी के कुल 30 अंकों में से प्राप्त अंको को छोड़कर शेष 120 अंकों में से अभ्यथियों द्वारा अर्जित किए गए अंकों की जो भी औसत अनुपात रही उसी औसत अनुपात आधार पर अभ्यर्थियों को भाषा भाग हिन्दी व अंग्रेजी के 30 अंकों में से अंक परिणाम में दिए गए और जिन अभ्यर्थियों ने भाषा भाग हिन्दी व अंग्रेजी (प्रश्न संख्या 31 से 60) में से औसत अनुपात से अधिक अंक प्राप्त किए गए, ऐसे अभ्यर्थियों के प्राप्तांक ही परिणाम में दिए गए हैं ताकि किसी भी अभ्यर्थी का किसी प्रकार का कोई नुकसान न हो।